(b) if so, details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI NARHARI PRASAD SUKHDEO SAI): (a) and (b). There is a proposal under consideration of the Government for setting up one Earth Station for monitoring emissions from satellites. The details are being worked out.

लद्दाख में भेषजीय जड़ी-बूटियों का उत्पादन

3201. श्रीमती पार्वती देवी : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने प्राचीन भारतीय चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण और अभिवर्द्धन की वर्तमान नीति को देखते हुए लद्दाख में पाई जाने वाली भेषजीय जड़ी-बूटियों के संरक्षण, प्रसार तथा उनके उत्पादन को बढ़ाने के प्रश्न पर ध्यान दिया है; और

(ख) प्रसिद्ध और प्राचीन लद्दाखी चिकित्सा प्रणाली का उपयोग देशवासियों के लिए करने हेतु उसका वैज्ञानिक अनुसंधान करने के लिए कौन सी योजनायें विचाराधीन हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) : (क) लद्दाख क्षेत्र में उपलब्ध औषधीय जड़ी-बूटियों के रक्षण, प्रसारण, संवर्द्धन और उत्पादन की दिशा में एक कदम के रूप में भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी की केन्द्रीय अनुसंधान परिषद ने उस क्षेत्र का पहले ही प्रारम्भिक तकनीकी-आर्थिक सर्वेक्षण कर लिया है ताकि वहां विद्यमान प्राकृतिक सम्पदा के गुणों और उसकी मात्रा का पता लगाया जा सके। अब औषधिय जड़ी-बूटियों के उत्पादन में जहां तक हो सके बढ़ोतरी करने के उपायों पर विचार करने के लिए उस क्षेत्र का गहन सर्वेक्षण करने का विचार है। प्रारम्भिक सर्वेक्षण से यह ज्ञात हुआ है कि इस क्षेत्र में शिलाजीत, सुहागा, गन्धक, अंजन एवं जहरमोहरा आदि अनेक द्रव्य इन घाटियों में उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में कस्तूरी मृग भी पाया जाता है। सर्वेक्षण दल ने इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के 413 वनस्पतियों को देखा है। पुष्करमूल, धूप, सोमलता, भूतकेशी, अक्षोट, सालवमिश्री, हीवेर, ईश्वगोल, रेवन्दचीनी, अतिविषा, कुटकी, पाषाणभेद, परसीक यवानी और सुगन्धवाला आदि इनमें प्रमुख है, जिनका प्रयोग देशी चिकित्सा पद्धतियों में किया जाता है। पोडोफाइलम हेग्जेन्डम का प्रयोग आधुनिक चिकित्सा में कैन्सर रोग में किया जाता है और यह औषधि भी इस क्षेत्र में पाई जाती है।

(ख) भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी की केन्द्रीय अनुसंधान परिषद् ने लद्दाख में प्रचलित चिकित्सा पद्धति के व्यापक उपयोग पर विचार करने से पहले इस पद्धति का वैज्ञानिक रूप से मूल्यांकन करने के लिए एक अनुसंधान योजना आरम्भ की है।

Visit to Austria by Minister of External Affairs

3202. PROF. P. G. MAVLANKAR: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether he had planned and even announced a visit to Austria sometime in May or June this year;

(b) if so, whether he did visit Austria;

(c) if not, why not;

(d) whether he proposes to visit Austria at an early date; and

(e) if so, when and for what purposes ?